DATE :- 16|05|2026

DAINIK BHASKAR, PAGE-12, SURAT

कैबिनेट में निर्णय • मेट्रो रात 11 बजे तक चलेगी, आज से 300 नई ST बसें दौड़ेंगी

सीएम ने वर्क फ्रॉम होम की संभावनाएं जांचने और ऑनलाइन मीटिंग करने के निर्देश दिए

भास्कर न्यूज | गांधीनगर

गांधीनगर में शुक्रवार को हुई गुजरात सरकार की कैबिनेट बैठक में ईंधन बचत, सरकारी खर्च में कटौती और सार्वजनिक परिवहन को मजबूत बनाने के मुद्दों पर अहम चर्चा की गई। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने सभी मंत्रियों को अपने विभागों में पेट्रोल-डीजल के उपयोग और सरकारी खर्च कम करने के लिए तत्काल कदम उठाने को कहा। साथ ही हर विभाग को ऑनलाइन मीटिंग करने के निर्देश दिए और वर्क फ्रॉम होम की संभावनाएं जांचने के लिए CM ने आदेश दिए हैं।

300 नई एसटी बसें दौड़ेंगी: उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी ने घोषणा की है कि शनिवार से राज्य में सार्वजनिक परिवहन को और मजबूत बनाने के लिए 300 नई ST बसें सीधे सेवा में उतारी जाएंगी। बिना किसी समारोह के बसों को सीधे सेंटर से चलाया जाएगा ताकि आम नागरिकों को ज्यादा सुविधा मिल सके।

सरकारी यात्रा में कटौती: ऑनलाइन मीटिंग, EV वाहन उपयोग पर जोर

कैबिनेट बैठक के बाद प्रवक्ता मंत्री जीतू वाघाणी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की देश से की गई अपील के बाद गुजरात सरकार भी सक्रिय हो गई है

और वैश्विक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। राज्य सरकार सरकारी खर्च में कटौती, ईंधन बचत और टेक्नोलॉजी आधारित कार्यप्रणाली अपनाने पर विशेष जोर दे रही है। सरकारी कामकाज के लिए जरूरत होने पर ही यात्रा की जाएगी। जहां संभव होगा वहां बैठकें ऑनलाइन आयोजित की जाएंगी और अन्य राज्यों में होने वाली बैठकों में भी केवल जरूरत पड़ने पर ही भाग लिया जाएगा। अनिवार्य न हो तो विदेश यात्राएं टालने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने सभी मंत्रियों को अपने विभागों में 'वर्क फ्रॉम होम' की संभावनाएं जांचने के आदेश भी दिए हैं। जहां संभव हो वहां वर्चुअल माध्यम से मीटिंग और कार्य बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं।

पर्यावरण राज्यमंत्री EV वाहन से सचिवालय पहुंचे

पर्यावरण राज्यमंत्री प्रवीण माली इलेक्ट्रिक स्कूटी पर बैठक में पहुंचे। डॉ. प्रद्युम्न वाजा और संजयसिंह महीडा भी EV वाहन के साथ कैबिनेट बैठक में शामिल हुए। प्रवीण माली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील के बाद राज्य सरकार इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को और अधिक प्रोत्साहित करेगी। उन्होंने कहा कि टू-व्हीलर और फोर-व्हीलर में EV अब सबसे अच्छा विकल्प बन रहे हैं और खुद भी EV तथा साइकिल का उपयोग करते हैं।

राज्य मंत्रिमंडल की यात्रा और सुविधाओं में कटौती

- केवल मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री को ही काफिला सुविधा दी जाएगी।
- उपमुख्यमंत्री के काफिले में केवल 3 कारें होंगी।
- राज्यपाल सभी यात्राएं ST बस और ट्रेन में करेंगे।
- डिप्टी सीएम हर्ष संघवी अमेरिका में आयोजित गुजराती कन्वेंशन में नहीं जाएंगे।
- केंद्रीय जलशक्ति मंत्री पाटिल पायलटिंग कार का उपयोग नहीं करेंगे।
- राज्य के स्वास्थ्य मंत्री और राज्य मंत्री अमृतिया ने पायलटिंग सेवा छोड़ी।
- मंत्री रमेश कटारा का केवल एक ही कार इस्तेमाल करने का निर्णय।